# RPSC EO/RO Exam 2025

## शहरी क्षेत्रों की योजनाएं

नवीनतम अपडेटेड

## श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना




सम्पूर्ण जानकारी



10 महत्वपूर्ण प्रश्न

Part-5

## श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना

संकल्पना- "लक्ष्य अंत्योदय प्रण अंत्योदय पथ अंत्योदय" की संकल्पना को साकार करना।

**योजना की शुरूआत-**




पूर्व संचालित अन्नपूर्णा रसोई योजना (दिसम्बर 2016/ मोबाइल वेन) का प्रतिस्थापन कर 20 अगस्त, 2020 को 'कोई भी भूखा नहीं सोए' के संकल्प के साथ राज्यके सभी 213 नगरीय निकायों में "इंदिरा रसोई योजना" नाम से 358 रसोईयों का शुभारंभ किया गया था। जिसे 6 जनवरी 2024 में सरकार द्वारा नाम बदलकर " श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" कर दिया गया।

GK Search Engine

योजना का प्रकार - सामूहिक

**बजट घोषणा -**

बजट 2022-23 में रसोईयों की संख्या बढ़ाकर 358 से 1,000 की गई। जिनमें प्रतिवर्ष 250 करोड़ रुपये खर्च कर 9.25 करोड़ भोजन थाली परोसकर जरूरत मंदों को लाभांवित किया जायेगा।

बजट 2023-24 में रसोईयों की संख्या बढ़ाकर 2000, वार्षिक व्यय 700 करोड़ रुपये निर्धारित व योजना का "ग्रामीण क्षेत्रों" में भी विस्तार की घोषणा की गई थी।

बजट घोषणा 2024-25 भोजन की मात्रा को 450 ग्राम से बढ़ाकर 600 ग्राम करने की घोषणा, राजकीय अनुदान 17 रु. से बढ़कार 22 रु. करने की घोषणा तथा इस योजना के लिए वार्षिक व्यय 350 करोड़ रु. रखा गया।

प्रतिदिन 2.30 लाख व्यक्ति एवं प्रति वर्ष 9.25 करोड़ लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य।

## नोडल विभाग

नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग। मंत्री माननीय झाबर सिंह खर्रा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

Gk Search Engine

**विशेषताएँ -**

- **योजनान्तर्गत आमजन को 8 रु. में प्रति थाली में दो समय (दोपहर एवं रात्रिकालीन) का स्थायी रसोईयों में सम्मानपूर्वक बैठाकर शुद्ध व पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है।**
- **राज्य सरकार द्वारा 22 रु. प्रति थाली अनुदान (पहले 17रु. प्रति थाली अनुदान)।**
- **इस हेतु प्रतिवर्ष 250 करोड़ रुपयें का प्रावधान। (बजट 2024-25 में बढ़ाकर 350 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष)**
- **प्रतिवर्ष 5.47 करोड़ भोजन थाली परोसी जाकर लोगों को लाभांवित करने का लक्ष्य (आवश्यकतानुरूप बढ़ाया जा सकता है)।**
- **भोजन मेन्यू में मुख्य रूप से प्रति थाली 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 300 ग्राम चपाती व आचार व 100 ग्राम मिलेट्स खिचड़ी सम्मिलित है। (ज्यादा वजन एवं ज्यादा पौष्टिक थाली)**
- **भोजन सामग्री का वजन बढ़ाकर 600 ग्राम किया गया जो पहले 450 ग्राम प्रति थाली था। अब एक समय के लिए एक ही कूपन दिया जाता है (जून 2024 से पहले आवश्यकता होने पर दोनों पर एक व्यक्ति को दो कूपन दिए जा सकते थे)**

GK Search Engine

## वित्तीय प्रावधान

योजना के क्रियान्वयन हेतु व्यय का प्रावधान निदेशालय स्तर पर किया जायेगा।

1. 50% राशि नगरीय निकायों को देय राज्य वित्त आयोग अनुदान से।

2. 50% राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष से या आवश्यकता होने पर राज्य सरकार द्वारा अन्य मदों से उपलब्ध करवाई जाएगी

## प्रशासनिक व्यवस्था दो स्तरीय;

### 1. राज्य स्तरीय प्रबंधन व मोनिटरिंग समिति

माननीय मंत्री, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग:- पदेन अध्यक्ष

### 2. जिला स्तरीय समन्वय व मोनिटरिंग समिति

जिला कलेक्टर:- पदेन अध्यक्ष

GK Search Engine

## योजना का क्रियान्वयन

- संस्था का चयन जिला स्तरीय समन्वय व मोनेटरिंग समिति द्वारा किया जायेगा।
- अवधि - तीन वर्ष का अनुबंध होगा (अवधि आगे बढ़ाई जा सकती है।)
- आधारभूत व्यय प्रत्येक संस्था के लिए रसोई संचालन हेतु **एकमुश्त रु. 5 लाख आधारभूत व्यय** का प्रावधान।
- आवर्ती व्यय रु. **3 लाख प्रतिवर्ष** का प्रावधान।

GK Search Engine

## भोजन की उपलब्धता

दोपहर प्रातः 8:30 बजे से मध्याह्न 1:00 बजे तक, शाम सांयकाल 5:00 बजे से 8:00 बजे तक

| क्र.सं. | क्षेत्र | रसोई | थालियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम (10) | 261 | 300 थाली दोपहर व 300 थाली शाम |
| 2 | नगर परिषद (36) | 311 | 150 थाली दोपहर व 150 थाली शाम |
| 3 | नगरपालिका बोर्ड (194) | 428 | 150 थाली दोपहर व 150 थाली शाम |
| | कुल 240 | 1000 | |

**नोट - राज्य स्तरीय समिति** रसोई की संख्या व थालियों की संख्या में परिवर्तन कर सकती है।

## योजना में पुरस्कार

श्री अन्नपूर्णा रसोई में कार्यरत कर्मचारियो, अधिकारियों व संस्थाओं को प्रतिवर्ष प्रोत्साहन हेतु नकद प्रशस्ति पत्र पुरस्कार 15 अगस्त व 26 जनवरी को वितरित किये जायेगे।

| श्रेणी | राज्य स्तर पर | संभाग स्तर पर | जिला स्तर |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 21,000रु. | 15,000रु | 11,000रु |
| द्वितीय | 15,000रु | 11,000रु | |
| तृतीय | 11,000रु | 5,000रु | |

## योजना में प्रगति -

आर्थिक समीक्षा 2023-24 राजस्थान सरकार के अनुसार 31 मार्च, 2024 तक इसके अन्तर्गत 19.17 करोड़ भोजन थाली परोसी जाकर जरूरतमंदों को लाभांवित किया जा चुका है।

श्री अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से कोरोना महामारी के दौरान 72 लाख जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण तथा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं इत्यादि के समय भोजन उपलब्ध करवाया गया।

GK Search Engine

आर्थिक समीक्षा 2024-25 राजस्थान सरकार के अनुसार (आर्थिक समीक्षा 2023-24 के आँकड़ों में कोई परिवर्तन नहीं है) प्रदेश में लक्ष्य अंत्योदय प्रण अंत्योदय-पथ अंत्योदय की संकल्पना को साकार कर रही सुशासन को समर्पित प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में शहरी निकायों में श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना संचालित की जा रही है।

प्रदेश में 240 नगरीय निकायों में 1000 रसोईयों के संचालन हेतु प्रतिवर्ष 250 करोड़ रुपये व्यय कर प्रतिवर्ष 9.21 करोड़ भोजन थाली परोसी जाकर व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा सकेगा।

इस पहल के तहत स्थायी रसोई में आम जनता को 8 रुपये प्रति प्लेट की रियायती लागत पर शुद्ध और पौष्टिक भेजन उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें राज्य सरकार 22 रुपये प्रति प्लेट का अनुदान देती है। दिसम्बर 2024 तक कुल 23.03 करोड़ थाली परोसी जा चुकी है। जिससे जरूरतमंदों को काफी लाभ हुआ है।

GK Search Engine

.

10 Important Question

**01. इंदिरा रसोई योजना' में प्रत्येक रसोई संचालन के लिए सरकार द्वारा आधारभूत मद हेतु कितनी राशि एकमुश्त दी जाती है?**

(a) 5 लाख

(b) 3 लाख

(c) 2 लाख

(d) कोई नहीं

GK Search Engine

**02. इंदिरा रसोई योजना का शुभारम्भ किया गया?**

(a) 20 अगस्त, 2020 को

(b) 20 नवंबर 2020 को

(c) 15 अगस्त, 2020 को

(d) 15 नवंबर, 2020 को

**03. इंदिरा रसोई योजना का आरंभ में कितने नगर निकायों में क्रियान्वयन किया गया?**

(a) 210 नगर निकायों में

(b) 213 नगर निकायों में

(c) 223 नगर निकायों में

(d) 240 नगर निकायों में

**04. इंदिरा रसोई योजना के अंतर्गत प्रति थाली कीमत कितनी निर्धारित है?**

(a) रु.12 प्रति थाली

(b) रु.25 प्रति थाली

(c) रु.19 प्रति थाली

(d) रु.27 प्रति थाली

GK Search Engine

05. इंदिरा रसोई योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(a) दोपहर का भोजन प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक उपलब्ध होगा।

(b) आवश्यकतानुसार एक्शटेन्शन काउंटर द्वारा भोजन वितरण किया जायेगा।

(c) भोजन के समय कोई दस्तावेज लाना आवश्यक नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) सभी कथन सही हैं।

Gk Search Engine

06. इंदिरा रसोई योजना में राज्य सरकार प्रति थाली कितना अनुदान दे रही है?

(a) रु.6 प्रति थाली

(b) रु.8 प्रति थाली

(c) रु.12 प्रति थाली

(d) रु.17 प्रति थाली

07. इंदिरा रसोई योजना' में तीनों स्तरों पर प्रथम आने वाली रसोई को पुरस्कार स्वरूप कितनी राशि दी जाती है।

(a) राज्य स्तर पर प्रथम - 21 हजार

(b) संभाग स्तर पर प्रथम - 15 हजार

(c) जिला स्तर पर प्रथम - 11 हजार

(d) सभी सही है।

GK Search Engine

08. इन्दिरा रसोई योजना की शुरुआत करते समय राजस्थान के मुख्यमंत्री का संकल्प निम्न में से कौन सा था ?[EO & RO: 14 May, 2023

(a)हरः घर अन्न

(b) कोई भूखा न सोए

(c) हर घर चूल्हा

(d) सोच के लिए भोजन

09. राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2020 में लगभग कितनी रसोइयों के माध्यम से इंदिरा रसोई योजना की शुरुआत की गई थी ?

(a) 104

(b) 250

(c) 358

(d) 501

10. श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना की थाली मे कुल सामग्री का वजन 600 ग्राम तय किया गया?

(a) 700 ग्राम

(b) 600 ग्राम

(c) 500 ग्राम

(d) 450 ग्राम

GK Search Engine

GK Search Engine